फूलोदेवी नेताम
सांसद-राज्य सभा (छत्तीसगढ़)
PHULODEVI NETAM
Member of Parliament
Rajya Sabha-Chhattisgarh

सत्यमेव जयते

बंगला न. 34, गुरुद्वारा रकाबगंज रोड़,
नई दिल्ली - 110001
34, Gurudwara Rakab Ganj Road,
New Delhi-110001
Telefax : 011-23354132
E-mail : phulodevi.netam@sansad.nic.in

दिनांक: 15.12.2021

आदरणीया सीतारमण जी,

सादर नमस्कार,

आदिवासी समुदायों व अन्य समुदायों के 'मानव विकास सूचकांक' के बीच बडा अन्तर है। इसके कई कारण हैं जैसे मुख्यतः आदिवासी समुदायों के लिए आबादी के हिसाब से बजट आवंटित नहीं होना और आदिवासी समुदायों के विकास के लिए लक्षित योजनाओं में बजट की कमी किया जाना। इस संबंध में मेरे कुछ सुझाव आपसे साझा कर रही हूँ तथा आशा करती हूँ कि आगामी बजट 2022–23 में इन पर विचार किया जाएगा।

1. देश की आबादी में 8.6 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले आदिवासी समुदाय के लिए आवंटित किया जाने वाला बजट जनसंख्या में हिस्सेदारी के अनुपात में आवंटित किया जाना चाहिए।
2. अनुसूचित जनजाति के लिए लक्षित योजनाओं पर अतिरिक्त बजट बढाया जाए, कटौती नहीं की जाए। इन योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए आवंटित बजट की 100 प्रतिशत राशि खर्च हो इसकी व्यवस्था की जानी चाहिए।
3. लघु वनोत्पाद पर न्यूनतम समर्थन मूल्य का बजट बढाने की आवश्यकता है। वर्ष 2019–20 में 164.64 करोड रूपए था। 2020–21 में घटाकर 152.51 करोड रूपए आवंटित किए गए लेकिन बजट संशोधन में घटाकर केवल 85.74 करोड कर दिया गया था।
4. आदिवासी बहुल क्षेत्रों में आंगनबाडियों के लिए बजट की कटौती नहीं की जाए। कमजोर आदिवासी समूहों के बच्चे कुपोषण का शिकार हैं, आंगनबाडी केन्द्रों पर उन्हें पेटभर भोजन मिल जाता है। कई आदिवासी क्षेत्रों में आंगनबाडी केन्द्र नहीं है, बजट बढाकर दिया जाएगा तो आंगनबाडी केन्द्रों की संख्या भी बढेगी।
5. बजट कम होने के कारण अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 और नागरिक अधिकार (पीसीआर) अधिनियम 1955 का कार्यान्वयन ठीक से नहीं हो रहा है। अत्याचार के आंकडों का अध्ययन करवाकर बजट आवंटित किया जाना चाहिए।

आशा करती हूँ कि मेरे सुझाव आपके लिए महत्वपूर्ण होंगे तथा आगामी बजट 2022–23 में उक्त सुझावों पर विचार करते हुए बजट का आवंटन किया जाएगा।

सादर।

भवदीया,

(फूलोदेवी नेताम)

श्रीमती निर्मला सीतारमण,
वित्त मंत्री,
भारत सरकार, नई दिल्ली।

Scanned with CamScanner